**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1087**

**दिनांक 25 जुलाई, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड**

†1087. **श्रीमती हरसिमरत कौर बादलः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पाँच वर्षों के दौरान राज्य-वार और पंजाब में ज़िला-वार कितने आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए हैं;

(ख) क्या सरकार ने उन लोगों की संख्या के बारे में कोई डेटा रखा है जिन्होंने वास्तव में 5 लाख रुपये के स्वास्थ्य

कवरेज के लिए अपने आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड का उपयोग किया है और यदि हाँ, तो राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले दो वर्षों के दौरान पंजाब में ज़िला-वार इस योजना के अंतर्गत कितने सार्वजनिक और निजी अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है और कितने अस्पतालों को पैनल से हटाया गया है;

(घ) क्या सरकार को पिछले पाँच वर्षों के दौरान राज्य सरकारों द्वारा किए जाने वाले भुगतानों में विशेषकर पंजाब में देरी की कोई सूचना मिली है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) पिछले पाँच वर्षों के दौरान इस योजना के अंतर्गत पंजाब राज्य द्वारा कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग की गई है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क): पिछले पांच वर्षों में आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत बनाए गए आयुष्मान कार्डों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है। पंजाब में पिछले पांच वर्षों में एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत बनाए गए आयुष्मान कार्डों का जिला-वार विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है ।

(ख): आज की स्थिति के अनुसार, इस योजना के अंतर्गत 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 9.84 करोड़ से अधिक अस्पताल में भर्तियां प्राधिकृत की गई हैं। इस योजना के अंतर्गत अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है ।

(ग): एबी-पीएमजेएवाई के तहत, सभी सार्वजनिक अस्पतालों को पैनल में शामिल माना जाता है। पिछले दो वर्षों के दौरान पंजाब में इस योजना के अंतर्गत पैनल में शामिल निजी अस्पतालों की संख्या का ज़िलावार विवरण **अनुलग्नक -IV** में दिया गया है । इसके अतिरिक्त, पिछले दो वर्षों में पंजाब राज्य में किसी भी अस्पताल को पैनल से बाहर नहीं किया गया है।

(घ): राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने एबी-पीएमजेएवाई के तहत अंतःराज्यीय अस्पतालों (राज्य के भीतर स्थित अस्पतालों) के लिए दावा प्रस्तुत करने के 15 दिनों के भीतर और सुवाह्यता वाले दावों (राज्य के बाहर स्थित अस्पतालों) के मामले में 30 दिनों के भीतर अस्पतालों को दावे का भुगतान करने के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित किए हैं।

दावों के निपटान की प्रगति की समीक्षा के लिए नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं । इसके अलावा, दावों के कुशल निपटान के लिए क्षमता निर्माण संबंधी कार्यकलाप आयोजित किए जाते हैं और लाभार्थी सुविधा एजेंसियाँ संव्यवहार प्रबंधन प्रणाली (टीएमएस) पर दावों का समय पर प्रस्तुतीकरण सुनिश्चित करती हैं और सभी विसंगतियों का समाधान करती हैं।

(ङ): एबी पीएम-जेएवाई का वित्तपोषण पूरी तरह से मांग पर आधारित है। एनएचए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त वास्तविक मांग के आधार पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को योजना के कार्यान्वयन के लिए निधियां जारी करता है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार धनराशि का आवंटन नहीं है। एनएचए द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, राज्य प्रत्येक नई निधियां जारी करने से पहले पूर्व में प्राप्त निधियों का उपयोग प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करते हैं। पिछले पाँच वर्षों में पंजाब राज्य को केंद्रीय हिस्से के रूप में 418.90 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

**अनुलग्नक - I**

पिछले पांच वर्षों में एबी पीएम-जेएवाई के अंतर्गत बनाए गए आयुष्मान कार्डों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **बनाए गए आयुष्मान कार्ड** |
|---|---:|
| अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 64,020 |
| आंध्र प्रदेश | 1,57,80,920 |
| अरुणाचल प्रदेश | 1,55,289 |
| असम | 1,73,37,930 |
| बिहार | 3,20,16,078 |
| चंडीगढ़ | 2,25,948 |
| छत्तीसगढ़ | 2,05,15,878 |
| दिल्ली | 12,049 |
| दादरा एवं नागर हवेली और दमन व दीव | 51,193 |
| गोवा | 69,638 |
| गुजरात | 2,00,59,043 |
| हरियाणा | 1,10,27,610 |
| हिमाचल प्रदेश | 5,61,102 |
| जम्मू और कश्मीर | 75,76,323 |
| झारखंड | 38,26,676 |
| कर्नाटक | 1,83,76,411 |
| केरल | 19,34,513 |
| लद्दाख | 1,62,478 |
| लक्षद्वीप | 34,376 |
| मध्य प्रदेश | 2,90,75,425 |
| महाराष्ट्र | 2,44,26,404 |
| मणिपुर | 4,32,383 |
| मेघालय | 5,37,265 |
| मिजोरम | 2,36,621 |
| नागालैंड | 5,09,683 |
| ओडिशा | 3,44,72,237 |
| पुदुचेरी | 4,19,853 |
| पंजाब | 53,34,531 |
| राजस्थान | 2,24,34,212 |
| सिक्किम | 53,378 |
| तमिलनाडु | 79,98,045 |
| तेलंगाना | 83,22,520 |
| त्रिपुरा | 9,68,001 |
| उत्तरप्रदेश | 4,33,44,688 |
| उत्तराखंड | 22,21,134 |

**अनुलग्नक - II**

पंजाब में पिछले पांच वर्षों में एबी पीएम-जेएवाई के तहत बनाए गए आयुष्मान कार्डों का जिलावार विवरण

| **ज़िला** | **बनाए गए आयुष्मान कार्डों की संख्या** |
|---|---:|
| अमृतसर | 3,94,254 |
| बरनाला | 1,40,613 |
| बठिंडा | 2,98,130 |
| फरीदकोट | 1,19,856 |
| फतेहगढ़ साहिब | 1,19,484 |
| फाजिल्का | 1,61,316 |
| फिरोजपुर | 1,61,672 |
| गुरदासपुर | 3,86,336 |
| होशियारपुर | 3,07,556 |
| जालंधर | 4,67,804 |
| कपूरथला | 1,40,881 |
| लुधियाना | 6,29,442 |
| मलेरकोटला | 21,435 |
| मानसा | 1,94,404 |
| मोगा | 1,49,400 |
| पठानकोट | 1,43,577 |
| पटियाला | 3,94,261 |
| रूपनगर | 1,28,132 |
| एस.ए.एस नगर | 1,54,097 |
| संगरूर | 3,63,195 |
| शहीद भगत सिंह नगर | 1,25,250 |
| श्री मुक्तसर साहिब | 1,62,817 |
| तरन तारन | 1,70,619 |

**अनुलग्नक - III**

एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

(30.06.2025 तक की स्थिति के अनुसार)

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या** |
|---|---:|
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 3,803 |
| आंध्र प्रदेश | 86,43,065 |
| अरुणाचल प्रदेश | 8,988 |
| असम | 16,40,211 |
| बिहार | 21,29,621 |
| चंडीगढ़ | 76,782 |
| छत्तीसगढ़ | 76,78,163 |
| दादरा एवं नागर हवेली और दमन व दीव | 1,50,900 |
| दिल्ली | 1,896 |
| गोवा | 17,890 |
| गुजरात | 69,79,688 |
| हरियाणा | 26,24,686 |
| हिमाचल प्रदेश | 3,76,436 |
| जम्मू और कश्मीर | 17,33,327 |
| झारखंड | 25,25,003 |
| कर्नाटक | 1,24,23,896 |
| केरल | 71,73,007 |
| लद्दाख | 26,264 |
| लक्षद्वीप | 1,600 |
| मध्य प्रदेश | 60,27,160 |
| महाराष्ट्र | 33,26,975 |
| मणिपुर | 2,52,130 |
| मेघालय | 10,65,227 |
| मिजोरम | 1,60,733 |
| नागालैंड | 1,05,735 |
| ओडिशा | 2,62,091 |
| पुदुचेरी | 1,37,447 |
| पंजाब | 27,83,940 |
| राजस्थान | 73,31,426 |
| सिक्किम | 33,210 |
| तमिलनाडु | 1,14,91,851 |
| तेलंगाना | 23,59,336 |
| त्रिपुरा | 4,74,929 |
| उत्तरप्रदेश | 68,18,130 |
| उत्तराखंड | 15,85,625 |

**अनुलग्नक - IV**

पंजाब में पिछले दो वर्षों के दौरान पैनलबद्ध निजी अस्पतालों की संख्या का जिलावार विवरण

| **ज़िला** | **पैनलबद्ध निजी अस्पतालों की संख्या** |
|---|---:|
| अमृतसर | 7 |
| बरनाला | 4 |
| बठिंडा | 20 |
| फतेहगढ़ साहिब | 6 |
| फाजिल्का | 1 |
| फिरोजपुर | 5 |
| गुरदासपुर | 3 |
| होशियारपुर | 1 |
| जालंधर | 2 |
| कपूरथला | 1 |
| लुधियाना | 17 |
| मलेरकोटला | 1 |
| मानसा | 2 |
| मोगा | 5 |
| पठानकोट | 3 |
| पटियाला | 14 |
| रूपनगर | 6 |
| एस.ए.एस नगर | 3 |
| संगरूर | 6 |
| शहीद भगत सिंह नगर | 1 |
| श्री मुक्तसर साहिब | 3 |
| फरीदकोट | 0 |
| तरन तारन | 0 |

*****